"पूरे देश ने अपनी निस्वार्थ सेवा के लिए डॉक्टरों, नर्सों, स्वच्छता कर्मियों और मीडिया के सदस्यों को धन्यवाद दिया।": लोकसभा अध्यक्ष

नई दिल्ली 23 मार्च 2020: लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने आज देश भर में नोवेल कोरोना वायरस COVID 19 के फैलते संक्रमण के मद्देनजर सभा को अनिश्चित काल के लिए स्थगित करने से पहले लोकसभा 'जनता कर्फ्यू" के दौरान लोगों के जज्बे का उल्लेख किया । श्री बिरला ने अपने उल्लेख में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 22 मार्च 2020 को जनता कर्फ्यू को एक यादगार दिन बताया और कहा कि कल पंथ एवं समुदाय से ऊपर उठकर सभी भारतीय एकजुट हुए। उन्होंने कहा कि 22 मार्च की शाम 5 बजे जो देखा गया वह भारत की आत्मा थी ।

श्री बिरला ने कहा कि, "पूरे देश ने अपनी निस्वार्थ सेवा के लिए डॉक्टरों, नर्सों, स्वच्छता कर्मियों और मीडिया के सदस्यों को धन्यवाद दिया।" श्री बिरला ने संसद सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति समेत विपक्ष के नेताओं सहित लोकसभा के सभी सदस्यों ने तालियों के माध्यम से स्वास्थ्य कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

अध्यक्ष के आह्वान पर, सदन में उपस्थित लोकसभा के सभी सदस्यों ने इमरजेंसी वर्कर्स की निसवार्थ सेवा के लिए अपनी प्रशंसा व्यक्त करने के लिए अपने अपने स्थान पर खड़े होकर तालियां बजाईं।

श्री बिरला ने अपने उल्लेख में यह भी कहा कि, "पूरा सदन COVID 19 के खिलाफ लड़ाई में एकजुट है।" उन्होंने आह्वान किया कि संकट के इस क्षण में, संसद सदस्य अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में लोगों के बीच जागरूकता फैलायें और इस बीमारी को रोकने में जिला प्रशासन को हर संभव सहायता प्रदान करें । श्री बिरला ने माननीय सदस्यों को सोशल डिस्टन्सिंग का पालन करने और प्रशासन द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का पालन करने की भी सलाह दी। उन्होंने लोगों से अफवाहों पर विश्वास न करने और नकारात्मकता के प्रसार को रोकने की भी अपील की।